सूचना प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पंजीकृत संख्या-: UPHIN/2021/82010



माननीय डॉ धर्मवीर प्रजापति जी (राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार ) कारागार एवं होमगार्ड उत्तर प्रदेश सरकार
--------प्रेरणास्रोत--------

हिन्दी दैनिक

# दर्शन उजाला



जगदेव सिंह प्रजापति (संपादक ) दैनिक दर्शन उजाला, (उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष)- विश्व हिंदू महासंघ (सोशल मीडिया प्रकोष्ठ)

वर्ष : 01 अंक : 308 मुरादाबाद गुरूवार , 06 अक्टूबर 2022 पृष्ठ : 08 मूल्य : 04 रूपये

### रीवा व उज्जैन हवाई पट्टियों को होगा विस्तार

## देवास में जल्दी ही बनेगा ग्रीन फील्ड विमानतल: मुख्यमंत्री

■ इंदौर से जबलपुर व ग्वालियर के लिए दो नई उड़ानें शुरू

भोपाल

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि देवास जिले के ग्राम चाचौड़ा में ग्रीन फील्ड विमानतल प्रस्तावित है। इसके लिए भूमि का चयन हो चुका है। इसका निर्माण जल्दी ही किया जाएगा। उन्होंने कहा कि रीवा व उज्जैन हवाई पट्टियों का विस्तार कर इनकी लंबाई और बढ़ाई जाएगी।

मुख्यमंत्री ने यह बात मंगलवार को इंदौर से जबलपुर व ग्वालियर के लिए दो अलग-अलग उड़ानों के शुभारंभ अवसर पर कही। एलायंस एयर कंपनी की इन उड़ानों को केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया व नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री जनरल वी.के. सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री भोपाल से कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि




मध्यप्रदेश, देश के मध्य में होने से किसी भी हिस्से में तेज गति से पहुँचने की स्थिति में है। इस भोगौलिक अनुकूलता से उद्योग और पर्यटन के क्षेत्र की संभावनाओं को साकार करना आसान है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और नागरिक उड्डयन मंत्री श्री सिंधिया एयर कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए प्रयासरत हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी गत 17 सितम्बर को कूनो पालपुर राष्ट्रीय उद्यान में दूसरे महाद्वीप से लाए गए चीतों के प्रवेश का शुभ कार्य कर चुके हैं। पर्यटन विकास में इसका विशेष महत्व है। मध्यप्रदेश टाइगर और लेपर्ड स्टेट बनने के बाद चीता स्टेट भी बन गया है। मध्यप्रदेश में हवाई सेवाओं का विस्तार पर्यटन के विकास में सहायक होगा।

### क्वांटम सूचना के आधार पर नई तकनीक विकसित की

## एस्पेक्ट, क्लॉसर और जिलिंगर को भौतिकी का नोबेल पुरस्कार

एजेंसी, वाशिंगटन

भौतिकी का नोबेल पुरस्कार संयुक्त रूप से एलेन एस्पेक्ट, जॉन एफ क्लॉसर और एंटोन जिलिंगर को दिया गया है। एलेन एस्पेक्ट फ्रांस के भौतिक विज्ञानी हैं, जबकि जॉन ए.क्लॉसर अमेरिका और एंटोन जिलिंगर ऑस्ट्रिया के वैज्ञानिक हैं। इन वैज्ञानिको के प्रयोगों ने क्वांटम सूचना के आधार पर नई तकनीक का रास्ता साफ किया है। रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने मंगलवार को इस पुरस्कार की घोषणा की। समिति द्वारा बुधवार को रसायन विज्ञान और गुरुवार



को साहित्य के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कारों की घोषणा की जाएगी। इस वर्ष (2022) के नोबेल शांति पुरस्कार की घोषणा शुक्रवार को और अर्थशास्त्र के क्षेत्र में पुरस्कार की घोषणा 10 अक्टूबर को की जाएगी। उल्लेखनीय है कि पिछले साल स्यूकुरो मानेबे, क्लॉस होसेलमैन और जियोर्जियो पेरिसी को भौतिकी के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

अपने व्यवसाय को तुरंत करवाएं पंजीकृत
1. नये सोसाइटी /ट्रस्ट/पार्टनरशिप/कंपनी रजिस्ट्रेशन
2. पैन कार्ड
3. नीति आयोग रजिस्ट्रेशन
4. एम एस एमई
5. प्राइवेट लिमिटेड कंपनी
6. 12 A एवं 80 G निबंधन
7. F.C.R.A
8. परियोजना प्रस्ताव (Project Proposal )
9. संस्था की वेबसाइट बनवाएं(Website)
10 ट्रेडमार्क/Logo / आईएसओ पंजीकृत कराने के लिए संपर्क करें -
8273140292

आयुर्वेदिक औषधि विक्री केंद्र
Ayurvedic aushadhi vikri Kendra
भारत के समस्त राज्य के मंडल जिला तहसील नगर गांव मैं आयुर्वेदिक औषधि बिक्री केंद्र लेकर
प्रतिमाह पाएं असीमित इनकम आयुर्वेदिक प्रोडक्ट की करें विक्रय और आयुर्वेदिक ओषधि बिक्री केंद्र खोलने के लिए संपर्क करें:-
8273140292

+ मेडिकल प्रवेश+ Admission Open +
भारत सरकार राज्य सरकार यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी संस्थान द्वारा कोर्स मैं प्रवेश लेने के लिए संपर्क करें-8273140292
Allopathy Diploma Course For R.M.P. CMS ED Allopathy Community Medical Service & Essential Drugs For Primary Health Care in Rural Area सी. एम. एस एलोपैथी कोर्स करें, ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक चिकित्सा प्रदान करें
MATRIC / INTER - 10+2 / I.A. / I.COM / I.SC / B.A. / B.COM / B.SC /
M.A. / M.COM / M.SC / PH.D. / MSW /
D.ED. / D.EL.ED / B.ED / M.ED / C.P.ED / D.P.ED / B.P.ED / M.P.ED
ITI / POLYTECHNIC / B.TECH / M.TECH / HOTEL MGT /
MBA / MCA / M.SC.-I.T. / BBA /BCA / BCS / FIRE & SAFTEY MGT / NIBOSH
MBBS(AM / BIO / INDO-ALLOPATH) / BAMS / BHMS / BUMS / MD / PDCC / RMP
BDS-A / DHMS / DAMS / DMLT / BMLT / PHYSIOTHERAPY / HOSPITAL MGT /
YOGA / BNYS / DNYS / GOLD MEDALIST / ASTROLOGY / HIZAMA CUPPING

## सम्पादकीय

# अपराधियों के खिलाफ जैसी सख्त कार्रवाई की, वैसी ही भ्रष्टाचारियों के खिलाफ भी करें योगी

लखनऊ में हजरतगंज के चार सितारा होटल लेवाना सुइट्स में बीते सोमवार सुबह भीषण आग के बाद प्रशासन जाग गया। इसकी जांच शुरू हुई तो गड़बड़ियों की परतें खुलने लगीं। घटना न होती तो शायद सब कुछ ऐसे ही चलता रहता। इस होटल में लगी आग में दम घुटने से चार लोगों की मौत हो गई। 16 लोग घायल हो गए। होटल के निर्माण और अवैध रूप से संचालन के लिए कार्रवाई शुरू तो हो गई। मंडलायुक्त ने बिना नक्शा पास कराए चल रहे इस होटल के भवन को गिराने के आदेश भी दे दिए। किंतु क्या अनियमितता के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर होटल में चार मरने वालों की हत्या का मुकदमा भी चलेगा। ये अनुमति देने वाले अधिकारी तो इन चारों की मौत के लिए सीधे-सीधे जिम्मेदार हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने जांच के लिए मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब और पुलिस आयुक्त एसबी शिरडकर की कमेटी बनाई है। अब तक इतना ही पता चला कि होटल लेवाना सुइट्स एलडीए के इंजीनियरों और अफसरों की साठगांठ से बिना नक्शे के ही अवैध तरीके से खड़ा हो गया। मंडलायुक्त ने एलडीए को होटल का अवैध निर्माण तोड़ने का आदेश दिया है। साथ ही होटल संचालन में जिम्मेदार एलडीए के अधिकारी, इंजीनियर और कर्मचारियों पर भी कार्रवाई कर रिपोर्ट तलब की है। यही नहीं, यह भी आदेश दिए कि एलडीए ने जिन होटलों के अवैध निर्माण तोड़ने का पूर्व में आदेश किया है, उसे सील किया जाएगा।

एलडीए के अधिकारियों के मुताबिक वर्ष 1996 में बंसल कंस्ट्रक्शन कंपनी के नाम से गुलमोहर अपार्टमेंट बनाने के लिए ग्रुप हाउसिंग का नक्शा पास कराया गया था। कंपनी ने अपार्टमेंट के पास खाली जमीन छोड़ी थी। इस पर ऑफिस बनना था। ग्रुप हाउसिंग सोसायटी बनने के बाद इसका इस्तेमाल वापस आवासीय उपयोग के लिए करना था, लेकिन एलडीए की कृपा से वर्ष 2017 में इसकी जगह होटल लेवाना शुरू हो गया। इसे बनवाने में एलडीए के इलाकाई तत्कालीन अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता एवं अवर अभियंता की सरपरस्ती रही। यही नहीं, इससे पहले गोमतीनगर के होटल सेवीग्रैंड में आग लगने के बाद सात मई को जोन छह के जोनल अधिकारी राजीव कुमार ने होटल लेवाना को नोटिस जारी किया था। इसके जवाब में होटल ने फायर की साल 2021 की एनओसी दिखाई, लेकिन होटल प्रबंधन नक्शा नहीं दिखा पाया। इस पर भी एलडीए ने कोई कार्रवाई नहीं की।

घटनाएं होती रहती हैं। घटना होने पर शोर मचता है। बाद में धीरे-धीरे सब सामान्य हो जाता है। पैसे के बल पर सब काम पुराने ढर्रे पर चलता रहता है। चार साल पहले भी राजधानी लखनऊ के एक प्रसिद्ध विराट होटल में भी इसी तरह आग लगी थी। उस वक्त आग में छह लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई थी। तीन लोग गंभीर रूप घायल हुए थे। कुछ दिन शोर मचा फिर सब सामान्य हो गया। दरअसल योगी आदित्यनाथ सख्त हैं। ईमानदार हैं किंतु उनके नीचे का प्रशासनिक अमला तो वही है। नीचे तो अधिकतर बेईमान और रिश्वतखोर बैठे हैं। उन्हें धन चाहिए। कुछ भी करा लीजिए। इस होटल को बिना नक्शा पास हुए फायर की एनओसी मिल गई। कैसे मिल गई? क्या मुफ्त में मिल गई होगी? अब हादसा हो गया तो पता चला।

दरअसल फायर बुझाने वाला ये विभाग एनओसी के नाम पर मोटी कमाई करता है। इसकी रुचि आग बुझाने में नहीं, एनओसी देने में है। नियम से बने नर्सिंग होम, होटल, मॉल और व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से भी एनओसी के लिए लाखों रुपये लिए जाते हैं। अग्निशमन यंत्र इनका व्यक्ति आपूर्ति करता है। बिजनौर जनपद के तो फायर आफिसर पर व्यापारी आरोप लगाते रहे हैं कि वे एनओसी देने के लिए मोटी रकम तो लेते ही हैं, यह भी शर्त रहती है कि मांगी गई राशि देने के बावजूद निर्माण उसका ही ठेकेदार करेगा। आप शिकायत किए जाइए।

बिना नक्शा पास कराए ये चार सितारा होटल लेवाना सुइट्स उस लखनऊ में चल रहा था, जहां खुद मुख्यमंत्री और प्रमुख सचिव बैठते हैं। सारे वीवीआईपी के जहां निवास हैं। इससे इतर पूरे प्रदेश में यह सब कैसे चल रहा होगा, इसका आसानी से अनुमान लगाया जा सकता है। वहां किस तरह अनुमति होती होगी, सोचा जा सकता है। अभी सोशल मीडिया पर एक जनपद के एआरटीओ कार्यालय में काम कराने की रेट लिस्ट घूम रही है, तो एक अन्य जनपद के थाने में काम कराने की रेट लिस्ट भी प्रचार में है। अधिकारी किसी की सुनने को तैयार नहीं। उसे तो धन से मतलब है। अभी उत्तर प्रदेश में कृषि, स्वास्थ्य और लोक निर्माण विभाग के तबादलों में कथित भ्रष्टाचार सामने आ ही चुका है। खुद उपमुख्यमंत्री को स्वास्थ्य विभाग के तबादलों में गड़बड़ को प्रकाश में लाना पड़ा।

# काशीराम नगर भगवान श्री राम का रामलीला मंचन में भक्तों की भीड़ उमड़ी





(दर्शन उजाला )

**मुरादाबाद।** जनपद में दिनांक 5 अक्टूबर को काशीराम नगर भगवान श्री राम का रामलीला मंचन में भक्तों की भीड़ उमड़ी दिल्ली के कलाकारों द्वारा रामलीला मंचन देखने के लिए भक्तगण अपने परिवार सहित पहुंचे सभी को लग रहा था जैसे कि हम दिल्ली के ऐतिहासिक रंदा ग्राउंड में रामला मंचन देख रहे हैं सबसे पहले रमना कमेटी के नेतृत्व में महा आरती की गई आज के मुख्य यजमान संस्था के संस्थापक अजय दिवाकर और रमला कमेटी के अध्यक्ष और प्रबंधक डॉ प्रमोद शर्मा भारतीय जनता पार्टी के पूर्व पार्षद प्रत्याशी वार्ड 20 ने फीता काटकर उद्घाटन किया और मुख्य यजमान आज फ्रेंड्स फ्रेंड्स प्रॉपर्टी के डायरेक्टर रामलीला कमेटी के वरिष्ठ महासचिव और महासचिव चंद्रावत रहे रामलीला कल्याणी कला मंच के डायरेक्टर राजू चंचल निधि प्रज्वलित कर महारथी शुरू कराई और आज रामलीला कमेटी के अध्यक्ष ने सभी मेला प्रभारियों को सुरक्षा की जिम्मेदारी देकर उनका कार्ड बनाया जिससे रामलीला का माहौल खराब ना हो काशीराम नगर के प्रत्येक ब्लॉक से माताएं बहने बुजुर्ग युवा शक्ति सोसायटी के अध्यक्ष मंदिरों के अध्यक्ष शंख बजाकर रामलीला की शुरूआत की मिस्टर इंडिया जादूगर आरती में सम्मिलित होकर महानगर को संदेश दिया काशीराम नगर की रामलीला में जो व्यवस्था की गई है सुबह बहुत कम रामलीला के मंच पर देखने को मिलती है चुका होती है मां सरस्वती गणेश वंदना के साथ आरती की शुरूआत की गई भगवान के श्रीराम के जयकारों से पंडाल गुंजायमान रहा 80 फीट का ऊंचा रावण काशीराम नगर की रामलीला मे बनाया गया है एक मुख्य आकर्षण का केंद्र है सियाराम की टीम दिल्ली में अभिनय कर रही है मुरादाबाद के बड़े मंच पर रामलीला मंचन कर रहे हैं शोभा व्यवस्था में रमना कमेटी के सदस्यों को जिम्मेदारी दी गई सिक्योरिटी कंपनी के भी सिक्योरिटी गार्ड सादी वर्दी में लगाए गए मुख्य अतिथियों की बैठने की व्यवस्था की गई आरती में रामलीला मंचन देखने आए रमन सिंह अशोक एडवोकेट शिव हरिओम उपाध्याय एडवोकेट कपिल शर्मा प्रकाश यादव नरसिंह गंगवार विनीत मलिक विनोद दिवाकर गज राम सिंह हरीश कुमार सुरजीत सैनी अशोक यादव मोहित चौधरी मनोज चौहान काकू दिवाकर जादूगर सुरेश सैनी मास्टर सुमित शर्मा मास्टर रविराज सिंह संजीव चौहान कुलदीप बिश्नोई राजीव बिश्नोई चंदन नगर मंडल के भाजपा के अध्यक्ष अमित सिंह मिंटू ठाकुर ने आज वरिष्ठ मुख्य यजमान रहे दिनांक 6 अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक रामलीला मंचन रहेगा 10 अक्टूबर को 80 फुट ऊंचे रावण का दहन होगा जो पूरे मुरादाबाद में एक आकर्षण का केंद्र बना है पार्षद राजेश गुप्ता पार्षद कपिल देव महेश सैनी सभी लोगों ने राम-राम मंचन का आनंद लिया।

# वूमैन पावर हेल्पलाइन-1090,यूपी-112,महिला हेल्पलाइन-181 आदि के बारे में जागरूक किया



(दर्शन उजाला )

**संभल।** जनपद में पुलिस अधीक्षक सम्भल के निर्देशन में मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा नगर व देहात क्षेत्र के मौहल्ले,बाजार, स्कूलों व मुख्य-मुख्य स्थानों पर भ्रमण कर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों,वूमैन पावर हेल्पलाइन-1090,यूपी-112,महिला हेल्पलाइन-181 आदि के बारे में जागरूक किया गया ।

दैनिक दर्शन उजाला
RNI NO. UPHIN/2021/82010
स्वामी मुद्रक प्रकाशक जगदेव सिंह द्वारा डेजललाइट दृश्य न्यूज़ मीडिया प्राइवेट लिमिटेड आसालतपुरा निकट पुराना हाता मुरादाबाद 244001 उत्तर प्रदेश से प्रकाशित छपवा कर कार्यालय दैनिक दर्शन उजाला समाचार पत्र डी-13 काशीराम नगर थाना मझोला जिला मुरादाबाद से वितरित
सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार का Title Code:-UPHIN50074
संपादक जगदेव सिंह मो0-8273140292
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादक हेतु पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इसमें उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन ही होंगे

# जुलूसे अमारी बरामद, अजाखानों से उतरे काले अलम

## ग्यारहवें इमाम हसन असकरी की शहादत पर हुई मजलिस

**अमरोहा (दर्शन उजाला)।** हजरत इमाम हसन असकरी अलेहस्सलाम की शहादत के जिक्र के साथ शहर में जुलूसे अमारी बरामद किया गया। मजलिस हुई और इस दौरान अजाखानों से काले अलम उतार दिए गए। मोहर्रम का आखिरी जुलूस काजीजादा स्थित इमामबाड़ा चाँदसूरज से बरामद किया गया। 8 रबीउल अव्वल 11वें इमाम हसन असकरी की शहादत का दिन है। अजाखाने में सिब्ते सज्जाद और हमनवां ने मरसिया ख्वानी की और मौलाना इब्ने हसन ने फजाईल व मसाईब बयां किए। उन्होंने कहा कि हुकूमत ने इमाम हुसैन असकरी अलेहस्सलाम को जहर देकर शहीद कर दिया था। जुलूस में सबसे आगे ऊँट चल रहे थे, जिसके ऊपर अमारीया थी। इसके बाद अलम, तख्त व दुलदुल चल रहा था। शहर में तयशुदा रास्ते से गुजरकर जुलूस जब काजी गली स्थित इमामबाड़ा छज्जी पहुंचा तो मुदस्सिर अली खां व साथियों ने मरसिया पढ़ा और मौलाना शहवार हुसैन ने मजलिस को खिताब फरमाया। यहां से निकलकर जुलूस नौबतखाना, सट्टी व हक्कानी से गुजरकर लकड़ा स्थित इमामबाड़ा सज्जादियां पहुंचकर समाप्त हुआ। इस दौरान सभी इमामबाड़ो के काले अलम उतारे दिए गए। शहर की मातमी अंजुमन असगरी , बनी हाशिम, रजा-ए-हुसैनी, गुलजारे हैदरी, सज्जादिया, मोहम्मदी, हस्सैनि, सादात, इमामिया, अकबरी , हाशमी , मासूमिया ने मातम व नौहा ख्वानी बरपा की। जुलूस के साथ शिया समुदाय में शोक भी खत्म हो गया। जुलूस अंजुमन तहफ्फुजे अजादारी के तत्वावधान में निकला, जिसका संचालन अंजुमने रजाकाराने हुसैनी ने किया। जुलूस में अंजुमन तहफ्फुजे अजादारी के कार्यवाहक अध्यक्ष हसन शुजा कार्यवाहक जनरल सेक्रेट्री ज़िया एजाज ने पुलिस प्रशासन और मीडिया के सहयोग के लिए शुक्रिया अदा किया। और अंजुमन रजाकाराने हुसैनी के काईद गुलाम सज्जाद, खुर्शीद हैदर जैदी निगरानी कर रहे थे।



## कार्यक्रम/मेला स्थल का निरीक्षण किया गया



(दर्शन उजाला )

**मुरादाबाद।** जनपद में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, मुरादाबाद द्वारा क्षेत्राधिकारी ठाकुरद्वारा के साथ विजयादशमी पर्व के परिप्रेक्ष्य में कानून,शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत थाना ठाकुरद्वारा क्षेत्रांतर्गत रावण दहन कार्यक्रम/मेला स्थल का निरीक्षण किया गया तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

## थाना डिलारी क्षेत्रांतर्गत रावण दहन कार्यक्रम/मेला स्थल का निरीक्षण किया गया



(दर्शन उजाला )

**मुरादाबाद।** जनपद में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, मुरादाबाद द्वारा विजयादशमी पर्व के परिप्रेक्ष्य में कानून,शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत थाना डिलारी क्षेत्रांतर्गत रावण दहन कार्यक्रम/मेला स्थल का निरीक्षण किया गया तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।*

## रावण दहन स्थल का निरीक्षण किया गया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये



(दर्शन उजाला )

**मुरादाबाद।** जनपद में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण,मुरादाबाद द्वारा क्षेत्राधिकारी बिलारी के साथ थाना बिलारी क्षेत्रान्तर्गत पौड़ी खेड़ा मंदिर परिसर में रावण दहन स्थल का निरीक्षण किया गया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।*

## शान्ति व्यवस्था व आगामी त्योहारों के दृष्टिगत गलियों, बाजारों व महत्वपूर्ण स्थानों पर पैदल गश्त की



(दर्शन उजाला )

**मुरादाबाद।** जनपद में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में जनपद के क्षेत्राधिकारी/ थाना प्रभारियों द्वारा जनमानस में सुरक्षा की भावना जागृत करने, अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था व आगामी त्योहारों के दृष्टिगत गलियों, बाजारों व महत्वपूर्ण स्थानों पर पैदल गश्त की गई।*

## रावण दहन कार्यक्रम/मेला स्थल की ड्रोन कैमरे से की जा रही है सतर्क निगरानी



(दर्शन उजाला )

**मुरादाबाद।** जनपद में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,मुरादाबाद के निर्देशन में थाना कांठ पुलिस द्वारा विजयादशमी पर्व के परिप्रेक्ष्य में कानून,शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत रावण दहन कार्यक्रम/मेला स्थल की ड्रोन कैमरे से की जा रही है सतर्क निगरानी।*

## कार्यक्रम/मेला स्थल का निरीक्षण किया गया तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये



(दर्शन उजाला )

**मुरादाबाद।** जनपद में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, मुरादाबाद एवं क्षेत्राधिकारी कांठ, मुरादाबाद द्वारा विजयादशमी के परिप्रेक्ष्य में कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत थाना कांठ क्षेत्रान्तर्गत रामलीला मैदान का भ्रमण कर, कार्यक्रम/मेला स्थल का निरीक्षण किया गया तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये ।

## पुलिस परम्परा के अनुसार रिजर्व पुलिस लाइन्स, मुरादाबाद में विधि-विधान के साथ शस्त्र पूजन किया गया



(दर्शन उजाला )

**मुरादाबाद।** जनपद में विजयादशमी के पावन पर्व के अवसर पर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, मुरादाबाद एवं पुलिस अधीक्षक यातायात, मुरादाबाद द्वारा पुलिस परम्परा के अनुसार रिजर्व पुलिस लाइन्स, मुरादाबाद में विधि-विधान के साथ शस्त्र पूजन किया गया तथा सभी को विजयादशमी पर्व की हार्दिक शुभकामनायें दी गयीं।*

## प्रजापति विकास समिति की तरफ से आयोजित -दिनेश प्रजापति हुआ भव्य स्वागत

(दर्शन उजाला)



राजस्थान में धौलपुर के नवाब बसई में प्रजापति विकास समिति की तरफ से आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में विशिष्ट अतिथि के रुप में रहना हुआ, साथ में राजस्थान सरकार में माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष माननीय श्री डुंगर राम गेदर जी, विधायक गिर्राज सिंह मलिंगा जी एवं समस्त प्रजापति पदाधिकारी मौजूद रहे।

## रामलीला मैदान का भ्रमण कर, रावण दहन कार्यक्रम/मेला स्थल का निरीक्षण किया



(दर्शन उजाला )

**मुरादाबाद।** जनपद में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, मुरादाबाद द्वारा विजयादशमी पर्व के परिप्रेक्ष्य में कानून,शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत थाना बिलारी क्षेत्रान्तर्गत रामलीला मैदान का भ्रमण कर, रावण दहन कार्यक्रम/मेला स्थल का निरीक्षण किया गया तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।*

## 1090,112,181,1098 आदि व साइबर अपराधों के बारे में जागरुक कर पैम्फ्लेट वितरित किये



(दर्शन उजाला )

**मुरादाबाद।** जनपद में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा नारी सशक्तिकरण के लिए महिलाओं/बालिकाओ को मिशन शक्ति के तहत गली, मोहल्लों, बाजारों आदि स्थानों पर भ्रमण कर हेल्पलाइन नं0-1090,112,181,1098 आदि व साइबर अपराधों के बारे में जागरुक कर पैम्फ्लेट वितरित किये गये।*

## रेलवे-स्टेशन/ बाजारों में पैदल गश्त व संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की सघन चैकिंग की

(दर्शन उजाला )




**संभल।** जनपद में पुलिस अधीक्षक सम्भल के निर्देशन में अपराध नियंत्रण, सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी सम्भल व थाना प्रभारियों/चौकी प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र के सार्वजनिक व महत्त्वपूर्ण प्रतिष्ठानों/मार्गों/ रेलवे-स्टेशन/ बाजारों में पैदल गश्त व संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की सघन चैकिंग की गयी।*

# 30 लीटर अवैध कच्ची शराब अवैध शस्त्र सहित गिरफ्तार



अमरोहा/रहरा (दर्शन उजाला)। रहरा पुलिस ने भट्टी लगाकर अवैध शराब का निर्माण कर रहा अभियुक्त रतन सिंह पुत्र बुद्धन सिंह निवासी ग्राम माटीपूरा थाना रहरा जनपद अमरोहा को गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से एक अदद तमंचा 315 बोर मय एक अदद जिंदा कारतूस 315 बोर व एक प्लास्टिक की कैन में 30 लीटर अवैध कच्ची शराब मय शराब बनाने के उपकरण बरामद हुये । पुलिस टीम द्वारा मौके पर करीब 80 लीटर लहन नष्ट किया गया । गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में अभियुक्त के विरुद्ध थाना रहरा पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गई ।

# समाजसेवी भावना चौधरी की एक नई पहल के तहत किया जनता को सूचित.



(दर्शन उजाला)

मुरादाबाद। जनपद के काशीराम नगर वार्ड 20 में रहने वाले जिस किसी व्यक्ति को अपना पहचान पत्र बनवाना है वह कृपया करके कल सुबह 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक ब्लॉक ए सिंगल स्टोरी पीपल वाला मंदिर आकर संपर्क करें। जो बच्चा 18 साल का हो गया हो तो उसकी हाई स्कूल मार्कशीट की फोटो की फोटो कॉपी आधार कार्ड की फोटो कॉपी बिजली के बिल की फोटोकॉपी मोबाइल नंबर 9837550896

# जिलाधिकारी मुरादाबाद व महापौर मुरादाबाद द्वारा श्रीराम का विजय तिलक किया



(दर्शन उजाला )

मुरादाबाद। जनपद में धर्म की जय और अधर्म के नाश का प्रतीक विजयदशमी के अवसर पर श्रीराम लीला, लाजपत नगर में रावण दहन के उपरान्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद, जिलाधिकारी मुरादाबाद व महापौर मुरादाबाद द्वारा श्रीराम का विजय तिलक किया गया।

# लडकियों को देखकर अश्लील टिप्पणी कर रहा था एंटी रोमियो टीम ने किया गिरफ्तार



अमरोहा/हसनपुर (दर्शन उजाला)। मिशन-शक्ति अभियान के अन्तर्गत थाना हसनपुर एण्टी रोमियों पुलिस टीम ने मंगलवार की रात्रि कस्बा हसनपुर में शिवाला मंदिर के पास चौराहे पर खडा होकर रामलीला देखने आने जाने वाली लडकियों व महिलाओं को देखकर अश्लील टिप्पणी कर रहे अभियुक्त अजय उर्फ मुन्ना पुत्र गनपत प्रजापति निवासी मौ0 होलीवाला कस्बा व थाना हसनपुर जनपद अमरोहा को गिरफ्तार कर लिया । उक्त प्रकरण में अभियुक्त अजय उर्फ मुन्ना के विरुद्ध थाना हसनपुर पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की गई।

# चौराहे के पुल के ऊपर बाइक एक्सीडेंट हो गया जिसमें 2 लोगों को गंभीर रूप से चोट आ गई



(दर्शन उजाला )

मुरादाबाद। जनपद के थाना कटघर क्षेत्रांतर्गत संभल चौराहे के पुल के ऊपर बाइक एक्सीडेंट हो गया जिसमें 2 लोगों को गंभीर रूप से चोट आ गई। घायलों को तत्काल पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, मुरादाबाद के एस्कॉर्ट द्वारा जिला अस्पताल भिजवाया गया।

# नकली ट्रेफिक पुलिस को पकड़कर भेजा जेल



(दर्शन उजाला )

मुरादाबाद। जनपद के थाना मझोला पुलिस, रडऋटीम व साईबर सेल ने वाहनों के ई-चालान को अवैध तरीके से यूजर क्छ और पासवर्ड प्राप्त कर चालान की रकम को कम कर व डिलीट करने वाले गिरोह के 02 अभियुक्तो को किया गिरफ्तार, कब्जे से 01 लेपटाप, 02 छउऊ 02 उढव, 05 प्रिन्टर, 01 की-बोर्ड, 01 मोहर बनाने की मशीन, 06 दफउडऊ, 01 नोटबुक रजिस्टर, 01 पलास्टिक के डिब्बे मे 15 कूटरचित मोहरे व 01 पेनड्राइव, 04 भुगतान रशीद छायाप्रति न्यायालय सीजेएम, 03 मोबाईल, 08 बैंक चैकबुक, 09 बैंक पासबुक, 09 बैक डेबिट/क्रेडिट कार्ड बरामद,उक्त संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,मुरादाबाद ने दी जानकारी

# घरों में विधि विधान से किया गया दशहरे का पूजन



अमरोहा (दर्शन उजाला)। नगर व देहात क्षेत्र में दशहरे पर घरों में विशेष पूजन किया गया। घरों में गाय के गोबर से रावण की प्रतिकृति बनाकर लोगों ने विशेष पूजा-अर्चना की। विशेष भोग लगाकर ज्ञान सुख-समृद्धि की कामना की गई। इसके अलावा घरों में बहनों ने भाइयों के टीके किए। बुधवार को दशहरे का पर्व बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। घरों में दशहरे पर विशेष पकवान बनाए गए। गाय के गोबर से घरों में रावण की प्रतिकृति तैयार करके उसका पूजन किया गया। सामूहिक रूप से परिवार के सदस्य दशहरे पूजन में जुटे। इस बीच पारंपरिक तौर पर दशहरा पूजन के समय व्यापारिक वस्तुओं आदि रखकर पूजा अर्चना की गई। बहनों ने भाइयों के टीके करके दीघार्यु की कामना की। दशहरे पर भाइयों के टीके करने के लिए घर पहुंची।

# लाइनपार थाना मझोला क्षेत्र में प्रचलित रामलीला व रावण दहन स्थल का निरीक्षण किया



(दर्शन उजाला )

मुरादाबाद। जनपद में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद द्वारा जिलाधिकारी मुरादाबाद व अन्य पुलिस अधिकारियों के साथ विजयदशमी के अवसर पर लाइनपार थाना मझोला क्षेत्र में प्रचलित रामलीला व रावण दहन स्थल का निरीक्षण किया गया व संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

## पुलिस अधीक्षक अमरोहा द्वारा रामलीला मंचन व विजयदशमी पर्व के दृष्टिगत पर्व को सुकशल सम्पन्न कराने हेतु जनपद का भम्रण कर कस्बा धनौरा, गजरौला व हसनपुर में रावण दहन स्थलों का निरीक्षण कर कार्यक्रम आयोजकों से वार्ता की गयी व ड्यूटीरत पुलिस कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिये गये

(दर्शन उजाला )

**अमरोहा।** जनपद में विजयदशमी पर्व के दृष्टिगत पर्व को सुकशल सम्पन्न कराने एवं व्यवस्थाओं को सुदृढ़ रखने हेतु पुलिस अधीक्षक अमरोहा श्री आदित्य लांग्हे द्वारा जनपद का भ्रमण कर कस्बा धनौरा, गजरौला व हसपुर में रामलीला पण्डाल व रावण दहन स्थलों का निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान कार्यक्रम आयोजकों से वार्ता कर सुरक्षा व्यवस्था व कुशलता का जायजा लिया गया एवं आयोजकों को सुरक्षा सम्बन्धी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये । रामलीला समिति के पदाधिकारियों को अवगत कराया कि रामलीला मंचन के दौरान सार्वजनिक मार्ग बाधित न हो जिससे आने वाले दर्शनार्थियों को अवागमन में कोई अवरोध पैदा न हो, पण्डाल के उपर शेड, विद्युत वायरिंग खुला न हो, पण्डाल के उपर विद्युत तार न हो, पण्डाल के पीछे विद्युत प्रकाश व पानी का ड्रम आदि रखना सुनिश्चित करें तथा पुलिस/प्रशासन द्वारा जारी किये गये नियमों का पालन करें। । महोदय द्वारा रामलीला ग्राउंड का भ्रमण कर मेले में महिलाओं की सुरक्षा, संदिग्ध युवकों व मनचलों पर सतर्क दृष्टि रखने व एण्टी रोमियों पुलिस टीम को लगातार भ्रमणशील रहने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया साथ ही लोगों के बैठने, बैरिकेटिंग, पार्किंग, सुरक्षा आदि की गई व्यवस्थाओं का जायजा लेकर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये । रामलीला/रावन दहन के समापन के दौरान रात्रि में आमजन/महिलाओं/लडकियों के आने जाने वाले मार्गों पर निरन्तर पैट्रोलिंग लगाने हेतु निर्देशित किया गया । आवागमन के लिए यातायात व्यवस्था, पार्किंग, मैदान में पहुंचने के प्रवेश एवं निकासी के स्थान आदि का अवलोकन करते हुए रावण दहन स्थल की सुरक्षा में मौजूद पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये ।

## छविराम आर्य को जान का खतरा मौके पर पहुंची 112

(दर्शन उजाला)

**मुरादाबाद।** जनपद के थाना क्षेत्र मझोला के अंतर्गत काशीराम नगर निवासी छविराम आर्य के घर पर दो व्यक्ति दिखाई दिए जिसमें छविराम आर्य ने बताया की मेरा मामला जितेंद्र बहादुर उर्फ विक्की सोनी से जमीनी विवाद चल रहा है जिसमें मेरी जान को खतरा है जितेंद्र बहादुर उर्फ विक्की सोनी भू माफिया के साथ दबंग किस्म का व्यक्ति है और मुझे जान से भी मरवा सकता है जिसमें मैं अपने घर में था पड़ोसी ने मुझे बताया की तुम्हारी गाड़ी के पास से दो व्यक्ति दीवार कूदकर भागे हैं अभी तभी छविराम आर्य को शक हुआ की मेरा मामला जितेंद्र बहादुर उर्फ विक्की सोनी से चल रहा है क्या पता इस व्यक्ति ने मारने के लिए मुझे यह व्यक्ति तो नहीं भेजें तभी छविराम आर्य ने 112 को सूचना दी और 112 मौके पर पहुंची और तो और छविराम आर्य ने अपने क्षेत्र के चौकी प्रभारी को भी फोन पर इस घटना की सूचना दी।

# 108 ग्राम नशीला पदार्थ चरस सहित गिरफ्तार



**अमरोहा/सैदनगली (दर्शन उजाला)।** सैदनगली पुलिस ने एक अभियुक्त को 108 ग्राम चरस सहित गिरफ्तार किया है । बुधवार की प्रातः थाना सैदनगली पुलिस ने सूचना मिलने पर सूमाठेर रोड पानी की टंकी के पास से अभियुक्त महेश उर्फ पण्डित पुत्र मुखराम निवासी मौ0 मन्सूरपुर पश्चिमी कस्बा उझारी थाना सैदनगली जनपद अमरोहा को गिरफ्तार कर लिया जिनके कब्जे से 108 ग्राम नशीला पदार्थ (चरस) व 1300/- रुपयें नकद बरामद हुये । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना सैदनगली पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी । पुछताछ पर अभियुक्त महेश उर्फ पण्डित द्वारा आर्थिक लाभ लेने हेतु राह चलते लोगों को चरस बेचना व बरामद 1300/- रुपयें नकद चरस बिक्री के होना बताया गया।

## आसमान में छाए बादल, किसानों के होश उड़े



**अमरोहा (दर्शन उजाला)।** बुधवार सुबह आसमान में बादल छाने से किसानों के होश उड़ गए। डर है कि अगर बरसात हुई तो भारी नुकसान झेलना होगा। दरअसल इस समय धान की कटाई व झड़ाई जोरों पर चल रही है। बहुत से किसानों के खेतों में धान फसल कटी हुई पड़ी हैं। ऐसे में अगर बरसात हुई तो खेत में पानी भरने से धान की फसल डूब जाएगी। धान काला पड़ जाएगा। बाजार व मंडी में धान के खरीदार नहीं मिलेंगे। उधर, जिन खेतों में आलू लगा दिए गए हैं उनमें भी भारी नुकसान होगा। आलू में गलन फैल जाएगी। जो किसान अगेती आलू लगाने की तैयारी कर रहे हैं, उन्हें बरसात होने की दशा में कुछ दिन और इंतजार करना होगा। कृषि वैज्ञानिक डॉ शिव सिंह ने आशंका जताई कि इस समय बरसात होने से धान व आलू फसल को भारी नुकसान होगा।

## नौगांवा सादात में बरामद किया गया काला ताज़िया



**अमरोहा/नौगांवा सादात (दर्शन उजाला)।** शियों के सरदार हुसैन अलविदा अंजुमन ए सोगवार ए हुसैन के जेहरे एतमाम बरामद किया गया काले ताज़िये का जुलूस, बाद नमाज ए जोहर इमाम बारगाह दौलत शहीद पर मजालीस को खिताब करते हुए मौलाना हसन अख्तर ने सब से पहले वाक्ये कर्बला पर रौशनी डालते हुए इमाम हुसैन के बताये रास्ते पर चलने की ताकीद की, व इमाम हुसैन की कुर्बानियो पर प्रकाश डाला, इस से पहले मर्सियेखान हसन महदी और उन के हमनंवा ने मर्सियेखानी को अंजाम दिया, मजालीस के बाद काले ताज़ियो का जुलूस बरामद किया गया जिस मे पीछे पीछे अंजुमन ए सोगवार ए हुसैनी का मातमी दस्ता नौहो पर अपने सीने पर मातम करते हुए चल रहा था , जुलूस मजहर ए कर्बला, कटकुई, फकर पुरा, फात्मा इण्टर कालेज, हुसैनी चौक , नौगांवा कोतवाली, जामा मस्जिद, मेन बाजार, अली चौक , बुद्ध बाजार, हफ्ता बाजार होता हुआ इमाम बारगाह दौलत शहीद पर पहुंच कर इकतेदाम पजीर हुआ, करीम हैदर, हैदर महदी, अफजल महदी, नूर अब्बास, अथर अब्बास, वक्कार हैदर, शिबाल हैदर आदि मौजूद रहे।

# लोक निर्माण विभाग की लापरवाही के चलते अभी तक नहीं हट पाया अतिक्रमण

**खिरिया रसूलपुर /शाहजहांपुर।** आपको बता दें कि लगातार दो से 3 महीने से चली आ रही समस्या का समाधान लोक निर्माण विभाग ने अभी तक नहीं कर पाया है ,पूरा मामला यह है कि काफी दिनों से लोक निर्माण विभाग शाहजहांपुर में अवैध कब्जा कर साइकिल पंचर की दुकान चलाने का मामला खिरिया रसूलपुर निवासी चंद्रावती पत्नी हंसराम द्वारा बताया गया था की गांव के ही बृजलाल पुत्र बुधपाल ने खिरिया रसूलपुर में पुल के पास अवैध कब्जा कर कच्ची कोठारी बनाकर साइकिल पंचर की दुकान चलाता है जिसकी शिकायत लोक निर्माण विभाग शाहजहांपुर में की गई थी जिसको लेकर विभाग ने मौके पर जाकर देखा तो सत्यता पाई गई थी ,उसके बाद लोक निर्माण विभाग शाहजहांपुर के अधिकारियों द्वारा 24/8/ 2022 को एक नोटिस जारी किया गया था जिसमें यह दर्शाया गया था कि 1 सप्ताह के अंदर अगर अतिक्रमण नहीं हटाया जाता है तो बिना किसी सूचना के कार्यवाही की जाएगी लेकिन 1 सप्ताह बीत जाने के बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाया गया लेकिन विभाग द्वारा नोटिस की अवहेलना करने के उपरांत भी कोई कार्यवाही नहीं की गई वहीं विभाग के अधिकारियों से जब फिर से संपर्क किया गया तो उनके द्वारा बताया गया कि मैंने अब दूसरा नोटिस दिया है अगर दूसरे नोटिस में नहीं हटाता है तो कार्रवाई की जाएगी वहीं दूसरी तरफ बृजलाल को दूसरा नोटिस भी मिल गया लेकिन दबंग व्यक्ति ने अतिक्रमण नहीं हटाया बाद में फिर से अधिकारियों से यह जवाब मांगा गया तो अधिकारियों ने बताया मैंने तीन नोटिस दे दिए हैं अब कोई नोटिस शेष नहीं बचा है, वहीं दूसरी तरफ देखा जाए तो समस्या अभी तक बनी हुई है। सूत्रों के मुताबिक मिली जानकारी के अनुसार कुछ राजनैतिक दबाव में आकर अधिकारी टालमटोल कर रहे हैं कहीं 4 दिन समय बताते हैं तो कहीं 1 सप्ताह में हट जाएगी यह बताते हैं तो कहीं पुलिस प्रशासन के खाली ना होने का बहाना करते हैं लोक निर्माण विभाग के अधिकारी, देखा जाए तो नोटिस में साफ-साफ लिखा है कि अगर समय अवधि में अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो कार्रवाई की जाएगी न तो अतिक्रमण हट रहा है और ना कार्रवाई हो रही है पीड़ित द्वारा जब संपर्क किया जाता है तो उसे बताया जाता है आज हो जाएगा कल हो जाएगा कोई ना कोई बहाना करते नजर आ रहे हैं अधिकारी और करेंगे भी कैसे नहीं राजनैतिक डर जो है। और तो और पीड़ित द्वारा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन व जनसुनवाई ऐप के माध्यम से कई आईजीआरएस भी डाले गए , तो उसमें अधिकारियों द्वारा बिना संपर्क किए आख्या लगा दी जाती है, और उस आख्या में अगर देखा जाए तो लगातार यही बताया जाता है कि मैंने नोटिस दिया है, अगर अतिक्रमण नहीं हटता है तो कार्रवाई की जाएगी अब यह समझ में नहीं आता है कि आखिर कब कार्रवाई की जाएगी सारे नोटिस भी दिए जा चुके हैं आंख्या में भी बताया जाता है कि हटवाया जाएगा नोटिस पे जो समय दिया जाता है वह समय निकल जाता है फिर भी अतिक्रमण नहीं हटता है ऐसे ही लगातार दो से तीन महीने हो गए हैं लेकिन लोक निर्माण विभाग शाहजहांपुर ने अभी तक समस्या का समाधान नहीं कर पाया है अब देखना यह है कि आखिर लोक निर्माण विभाग पीड़ित व्यक्ति की समस्या का समाधान कर पाता है या नही।

## खंडेलवाल मंदिर में किया गया हवन

# हवन पूजन के साथ सम्पन्न हुआ शारदीय नवरात्रि का पर्व

**अमरोहा (दर्शन उजाला)।** पूजा-अर्चना, हवन, कन्याभोज के बाद शारदीय नवरात्र का समापन हुआ। सारा शहर मां शक्ति की भक्ति में सराबोर रहा। शहर के सभी मंदिरों में शाम तक भक्तों की भीड़ रही। घरों व मंदिरों से जयघोष, मंत्रोच्चार और आरती के मधुर स्वर गूंजते रहे मोहल्ला कोट स्थित खंडेलवाल मंदिर में भी देवी भगवती के नौवें रूप सिद्धि दात्री की मंगलवार को पूजा अर्चना के बाद हवन किया गया। नौ दिन तक व्रत धारण करने वाले श्रद्धालुओं ने हवन के बाद नौ कन्याओं को भोजन कराया। उन्हें उपहार और दक्षिणा भी दिया। खंडेलवाल मंदिर में इस मौके पर सौरभ खंडेलवाल, सुनीता खंडेलवाल, मधु खंडेलवाल, राधिका खंडेलवाल,आशीष खंडेलवाल, प्रियंका खंडेलवाल, समीर खंडेलवाल, शोना, शिवानी, मंयक शिवी, मंजू खंडेलवाल,प्रीति, ज्योति सोनी, चारू, आशा, अजय खंडेलवाल, मुदित खंडेलवाल, विशाल खंडेलवाल, विवेक खंडेलवाल, रामअवतार खंडेलवाल आदि भक्तगण मौजूद रहे।



# हजरत नगर गढ़ी रामलीला मैदान में उमड़ी भीड़ रावण दहन

(दर्शन उजाला)

**संभल।** जनपद के हसनपुर रूप* जनपद संभल के थाना हजरत नगर गढ़ी क्षेत्र में दशहरा मेला देखने के लिए उमड़ी भीड़। संभल के हजरत नगर गढ़ी रामलीला मैदान मैं रावण दहन किया गया रामलीला मैदान में मेले के चलते पूरे दिन काफी भीड़ मौजूद रही देर शाम 7:00 बजे तक पूरा रामलीला मैदान खचाखच भरा रहा रामलीला में श्रीराम के जीवन की मुख्य घटनाओं को नाटक के माध्यम से प्रदर्शित किया जाता है , जिसमें उनका जन्म होना, गुरुकुल में जाकर शिक्षा ग्रहण करना, पुनः अयोध्या लौटना, कैकेयी का संताप, श्रीराम को लक्ष्मण व सीता सहित चौदह वर्ष का वनवास होना, केवट व शबरी प्रसंग, सूर्पनखा की नाक काटना, माता सीता का हरण होना, हनुमान का मिलना, सुग्रीव का किष्किन्धा नरेश बनना, माता सीता की खोज करना, रामसेतु बनाना, वानर सेना का लंका पहुंचना, कुंभकरण, मेघनाथ व रावण वध होना सम्मिलित है,रावण वध दशहरा के दिन किया जाता हैं तथा उसी के साथ रामलीला का समापन हो जाता है, ।जनपद संभल के हजरत नगर गढ़ी मैं रामलीला मैदान का दशहरा सबसे प्रमुख होता है यहां बड़ी तादाद में लोग जुटते हे भीड़ से खचाखच भरे मेले में सुरक्षा के भी बेहद कड़े बंदोबस्त किए जाते हैं रावण के पुतले के चारों ओर भी सुरक्षा का कड़ा पहरा बनाया जाता है ताकि पुतला दहन के बाद रावण की हस्तियां बिनने के लिए लोग रावण के समीप ना जा पाएं।



## रूस-यूक्रेन युद्ध : रूसी सैनिकों पर मंडरा रहा मौत का संकट

# नीप्रो नदी के इलाके में बुरी तरह घिरी रूसी सेना



एजेंसी, कीव

रूसी राष्ट्रपति पुतिन द्वारा यूक्रेन के कई इलाकों पर कब्जा किए जाने के बाद से यूक्रेनी सेना आक्रामक रुख अपना रही है। युद्ध शुरू होने के बाद से यूक्रेनी बलों ने देश के दक्षिण में अपनी सबसे बड़ी सफलता हासिल की है। सोमवार को यूक्रेनी सेना ने रूसी डिफेंस लाइन को भेदते हुए नीप्रो नदी के किनारे तेजी से बढ़त हासिल की है। यूक्रेनी सेना की इस बढ़त से हजारों रूसी जवानों पर भूख से और हथियारों की कमी से मरने का संकट मंडरा रहा है। दरअसल यूक्रेनी सेना ने जिस नीप्रो नदी के किनारे बढ़त हासिल की है उसी रास्ते से रूसी सैनिकों के लिए सप्लाई आती है। अब रूसी सैनिकों पर सप्लाई का संकट मंडराने लगा है। यूक्रेन ने भले ही अपनी बढ़त की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की, लेकिन रूसी सूत्रों ने स्वीकार किया कि एक यूक्रेनी टैंक नदी के पश्चिमी तट के साथ दर्जनों किलोमीटर आगे बढ़ गया है। उन्होंने रास्ते में कई गांवों पर कब्जा कर लिया है। यूक्रेनी सेना के लिए यह एक नई सफलता है। इससे पहले उसने देश के पूर्वी हिस्सों में भी कई जगहों से रूसी सेना को खदेड़ने का दावा किया था। पुतिन द्वारा यूक्रेन के चार हिस्सों के रूस में विलय को मंजूरी देने के साथ ही युद्ध के खतरनाक स्तर पर पहुंचने की आशंका बढ़ गई है। पुतिन ने परमाणु युद्ध तक की धमकी दी है। इससे यूक्रेन भी नाटो की सदस्यता की प्रक्रिया को तेज करने का औपचारिक आवेदन करने को प्रोत्साहित हुआ है। रूस ने यूक्रेन के खेरसॉन प्रांत के कई इलाकों को अपने कब्जे में लिया हुआ है। रूस ने इस इलाके में व्लादिमीर साल्डो नाम के एक नेता को प्रमुख के तौर पर घोषित किया हुआ है। व्लादिमीर साल्डो ने रूसी सरकारी टेलीविजन को बताया, जानकारी यह है कि स्थिति बेहद तनावपूर्ण है। सीधे शब्दों में कहूं तो हां, उन्हें (यूक्रेन) असल में में सफलताएं मिलीं हैं। एक बस्ती है जिसे दुडचानी कहा जाता है। यब ठीक नीप्रो नदी के किनारे है। यही वह क्षेत्र है जहां उन्हें एक सफलता मिली है। ऐसी बस्तियां हैं जिन पर यूक्रेनी बलों का कब्जा है। यूक्रेनी सैनिकों को देश के दक्षिणी खेरसॉन क्षेत्र में नई बढ़त मिली है और सोमवार को भी उनका यह अभियान जारी रहा, जो मॉस्को के लिए असहज स्थिति पैदा कर रहा है। कीव के अधिकारियों और विदेशी पर्यवेक्षकों ने यह जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि खेरसॉन वह क्षेत्र है जिसका रूस विलय करना चाहता है।

### खेरसॉन में धीरे-धीरे मिल रही जीत

यूक्रेन के लिए खेरसॉन मुश्किल युद्ध का मैदान साबित हुआ है और यहां, पिछले महीने देश के दूसरे सबसे बड़े शहर खारकीव पर फतह हासिल करने के मुकाबले उसे अपेक्षाकृत धीरे-धीरे सफलता मिल रही है। खेरसॉन उन चार इलाकों में शामिल है जिन्हें क्रेमलिन प्रायोजित 'जनमत संग्रह' के बाद रूस ने पिछले सप्ताह मॉस्को के साथ विलय करने का ऐलान किया था। क्रेमलिन (रूसी राष्ट्रपति कार्यालय) नियंत्रित संसद के निचले सदन ने सोमवार को विलय को लेकर की गई संधि की पुष्टि कर दी। इस संधि को मंजूरी देने के लिए मंगलवार को उच्च सदन में पेश किया जाएगा। वहीं यूक्रेन के मीडिया ने अपने देश के सैनिकों की तस्वीर प्रसारित की है जिसमें वे ख्रीश्चेनिवका गांव में राष्ट्रीय ध्वज फहराते नजर आते हैं। यह गांव उसी खेरसॉन इलाके में स्थित है जहां पर रूसी सुरक्षा पंक्ति मौजूद थी। कीव गर्मियों से ही लगातार जवाबी कार्रवाई करते हुए रूस के आपूर्ति मार्ग को निशाना बना रहा है। यूक्रेन रूस के कब्जे वाले निपर नदी क्षेत्र के पश्चिमी हिस्सों में बढ़त बना रहा है। यूक्रेन की जवाबी कार्रवाई सफल होने के बावजूद पूर्वोत्तर के मुकाबले दक्षिण में धीमी प्रगति हो रही है।

### पुतिन के कदमों से गैस बाजार प्रभावित हो सकता है

यूक्रेन की सेना का खारकीव में मुकाबला करने के लिए 300,000 आरक्षित बलों को तैनात करने के रूस के प्रयास ने सैन्य एवं राजनीतिक विश्लेषकों का ध्यान आकर्षित किया है। हालांकि इसमें एक संभावित ऊर्जा कोण भी है। रूस और यूरोप के बीच ऊर्जा संघर्ष बढ़ रहा है और सर्दियों के करीब आने के साथ ही इसके और बढने की आशंका है। कोई यह मान सकता है कि ऊर्जा कार्यकर्ता, जो ईंधन और निर्यात राजस्व प्रदान करते हैं। जिसकी रूस को सख्त जरूरत है, युद्ध के प्रयास के लिए बहुत मूल्यवान हैं।

### रूस ने किया ड्रोन से हमला

रूसी सेना ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के गृहनगर और अन्य ठिकानों पर रविवार को ड्रोन से हमला किया जबकि यूक्रेन ने रणनीतिक रूप से अहम पूर्वी शहर पर पूरी तरह से नियंत्रण स्थापित कर लिया जिससे युद्ध में नया मोड़ आ गया है। रूस को हाल में पूर्वी शहर लाइमैन में हार मिली जिसका इस्तेमाल वह परिवहन और रणनीतिक केंद्र के तौर पर कर रहा था। उन्होंने कहा, ' दोनेत्स्क इलाके के लाइमैन की आजादी अब मीडिया में सबसे अधिक चर्चा का विषय है।

### पुतिन के 'इंसानी मेंढक' जो गहरे पानी में कर सकते हैं दुश्मन को तबाह

रूस के फ्रॉगमैन के पास एपीएस अंडरवाटर राइफल होती है। यह एक खास तरह की गन होती है जिसे विशेष रूस से पानी के भीतर फायर करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह 4.75 इंच लंबे स्टील बोल्ट को फायर करती है जो कठोर वेटसूट के आरपार जा सकता है और एक सामान्य गोली से ज्यादा नुकसान पहुंचा सकता है। रूस से यूरोप जाने वाली प्राकृतिक गैस की पाइपलाइन नॉर्ड स्ट्रीम पिछले दिनों बाल्टिक सागर में क्षतिग्रस्त हो गई। नॉर्ड स्ट्रीम पर हमले के प्रमुख संदिग्धों में से एक रूस की स्पेशल फोर्सेस हैं। यूक्रेन युद्ध को लेकर रूस और यूरोप के बीच तनाव बढ़ा हुआ है। आशंका जताई जा रही है कि यूरोप के साथ एनर्जी वॉर को जारी रखने के प्रयास में व्लादिमीर पुतिन ने प्रमुख गैस पाइपलाइन पर हमला करवाया है। नॉर्ड स्ट्रीम को च्यूरोप की लाइफलाइनज् कहा जाता है जिससे गैस की सप्लाई बाधित होने पर यूरोप के लिए आगामी सर्दियां बेहद खतरनाक हो सकती हैं। माना जा रहा है कि इस हमले के पीछे रूस के 'फ्रॉगमैन' स्पेशल फोर्सेस कमांडो हो सकते हैं जो रूस की नौसेना और पुतिन के जासूस के रूप में काम करते हैं।